Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding law and order situation in Punjab.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब): अध्यक्ष महोदया, मैं पंजाब के एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलना चाहता हूं। आज पंजाब में अमन कानून-व्यवस्था की स्थिति बिल्कुल तहस-नहस हो चुकी है। …(व्यवधान) लोक राज में हरेक को वोट डालने का हक है, बादल जी जैसे व्यक्ति, जो पांच बार मुख्यमंत्री रहे हैं, कल उनको भी वोट डालने से रोका गया …(व्यवधान) वहां के फाइनेंस मिनिस्टर का वोट कोई और दे दिया। हाई कोर्ट ने डॉयरेक्शन दिया और बारह सौ लोगों के कागज रद्द हुए हैं। सरकार ने बात नहीं मानी …(व्यवधान) मेरी कंस्टीट्यूऐंसी में तीन जगहों पर कडुआ, छामपुर और एक गांव में जहां जीते हुए लोगों को बाद में हारे हुए डिक्लेयर कर दिया। …(व्यवधान) मेरे बेटे की कंस्टीट्यूएंसी सेनौर है, वहां पुलिस ने अपने वोट डाल दिए और गोली चला दी और वोटरों को वहां से भगा दिया और पुलिस वोटें डालती रहीं। गुरूदासपुर के तरणतारण में गोलियां चलाई गईं। आज पंजाब में सड़कें बंद है और लोग धरने पर बैठे हैं। अमन और कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो चुकी है। …(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि पंजाब की रिपोर्ट मंगाई जाए और उस पर एक्शन लिया जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।